# राजकीय बालिका इण्टर कालेज राबर्ट्सगंज सोनभद्र




*मण्डल - मीरजापुर*

*जनपद - सोनभद्र*

*प्रधानाचार्या - सुश्री रंजना शुक्ला*

*ई-मेल आई डी -* ggic.robertsganj@gmail.com

मण्डल स्तरीय क्रिकेट में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर पुरस्कार ग्रहण करते हुए ।





# पुस्तकालय में छात्राएं अध्ययन करते हुए



# स्वच्छता प्रबन्धन के प्रति जागरूक करते हुए।








# मण्डल स्तरीय कला उत्सव की पारम्परिक नृत्य शास्त्रीय नृत्य एवं लोक गायन प्रतियोगिता में प्रथम् स्थान प्राप्त कर पुरस्कार ग्रहण करते हुए।






विवरण- राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज राबर्ट्सगंज,राबर्ट्सगंज ब्लॉक के अन्तर्गत आता है। विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता और अनुशासन की प्रसिद्धि के कारण ब्लॉक के अतिरिक्त दूर दराज के गाँवों की छात्रायें विद्यालय में प्रवेश लेने के लिए उत्साहित रहती है।

## छात्राओं का नामांकन एवं उपस्थिति-

| क्र0स0 | वर्ष | नमांकन | उपस्थिति प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | 2020-21 | 854 | 75-80% |
| 2 | 2021-22 | 1091 | 75-80% |
| 3 | 2022-23 | 1218 | 80-85% |

विद्यालय की शिक्षिकाएं नियमित कक्षाएं लेने के साथ-साथ विद्यार्थियों व अभिभावको की समस्याओं को ध्यान से सुनती हैं। उनकी समस्याओं को यथासम्भव हल करने का प्रयास करती है जिससे अभिभावको में विद्यालय के प्रति रुचि बढ़ी और उनकी बैठक में सहभागिता भी अच्छी हुयी।

विद्यार्थियों को नियमित कक्षा के साथ-साथ उनका मासिक आकलन करके उनके अधिगम स्तर के अनुसार शिक्षण कार्य किया जाता हैं। पठन-पाठन के साथ-साथ छात्राओं को सहगामी क्रियाकलापो में प्रतिभाग करने के लिए न केवल प्रोत्साहित किया जाता है बल्कि उन्हें अपनी क्षमता का प्रर्दशन करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के द्वारा मंच भी प्रदान किया जाता है। विद्यालय की गतिविधिया उनके अनुरूप होने के कारण ही छात्राओं ने कला उत्सव,खेलकूद,विज्ञान गणित प्रर्दशनी एवं इन्सपायर अवार्ड में जनपद स्तर मण्डल स्तर प्रथम् स्थान प्राप्त कर राज्य स्तर तक प्रतिभाग किया।

### उपलब्धि - सहगामी क्रियाकलाप

| क्र0स0 | प्रतियोगिता | छात्रा का नाम | वर्ष | स्थान | स्तर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गणित एवं विज्ञान प्रर्दशनी | वैशाली,सायमा,काजल तिवारी | 2022 | प्रथम्<br>प्रथम्<br>-- | जनपद<br>मण्डल<br>राज्य |
| 2 | कला उत्सव | मेहिनी,प्रीती,निधि | 2022 | प्रथम्<br>प्रथम्<br>-- | जनपद<br>मण्डल<br>राज्य |
| 3 | खेल-कूद(क्रिकेट) | सिया,सुहाना,सुनैना, मानसी, आँचल कन्नौजियाँ | 2022 | प्रथम्<br>प्रथम्<br>-- | जनपद<br>मण्डल<br>राज्य |
| 4 | इन्स्पायर अवार्ड | आँचल पाण्डेय | 2022 | प्रथम्<br>-- | जनपद<br>राज्य |

# उपलब्धि - शैक्षणिक

| क्र०स० | वर्ष | बोर्ड परीक्षा का नाम | पंजिकृत | उत्तीर्ण | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2020 | हाईस्कूल | 153 | 104 | 67.8% |
| | | इण्टरमीडिएट | 116 | 78 | 67.2% |
| 2 | 2021 | हाईस्कूल | 164 | 153 | 93.2% |
| | | इण्टरमीडिएट | 94 | 82 | 87.2% |
| 3 | 2022 | हाईस्कूल | 164 | 129 | 78.6% |
| | | इण्टरमीडिएट | 126 | 123 | 97.6% |

**विद्यालय परिसर और स्वच्छता-** विद्यालय प्रांगण व शौचालय की नियमित साफ सफाई हेतु सफाई कर्मी की नियुक्ति की गयी है। सभी शौचालयो में नल की सुविधा व कूड़ेदान की सुविधा दी गयी है। छात्राओं को सेनेटरी पैड जलाने के लिए प्रदूषण मुक्त इन्सीनरेटर की सुविधा दी गयी है। छात्रायें माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता प्रबन्धन के महत्व को अच्छी तरह से समझती है। जिसके लिए उन्हें समय-समय पर जागरूक किया जाता है।

स्वच्छ पिने के पानी के लिए वाटर प्यूरिफायर व वॉटर कूलर की व्यवस्था सभी के लिए की गयी हैं। विद्यालय जनपद व राज्य स्तर पर स्वच्छ गरिमा विद्यालय के रूप में चयनित है। इसके अन्तर्गत छात्राओं को हैण्डवाश साबुन व सेनेटरी पैड मुफ्त में उपलब्ध कराया जाता हैं। विद्यालय में औषधीय गुणों से युक्त पौधों के साथ-साथ छात्राओं द्वारा किचेन गार्डेन भी लगाया गया हैं।


**पुस्तकालय-** विद्यालय में पुस्तकालय मद व अन्य सहयोग राशि से पुस्तकों का क्रय किया गया हैं। विद्यालय की समय-सारणी के अनुसार छात्राएं नियमित रूप से पुस्तकालय में किताबें पढ़ने आती हैं। विभिन्न कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रोत्साहन स्वरूप पुस्तकों का वितरण भी किया जाता हैं।

दैनिक समाचार पत्र व सामान्य ज्ञान से सम्बन्धित मासिक पत्रिका भी छात्राओं को उपलब्ध कराया जाता हैं। प्रार्थना सभा में नियमित रूप से छात्राओं एवं शिक्षिकाओं द्वारा सुविचार व सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी के द्वारा उनका ज्ञानवर्धन किया जाता हैं।

## रचनायें- कविता

# (नारी उत्पीड़न)

तेरी दुर्दशा ! तेरी दुर्व्यथा ,
तेरी आह ! को क्या नाम दूँ ?
कहते है, ये उत्थान है,
तेरी दर्द को क्या नाम दूँ ।




है खोखला वादा तेरा
तेरी खोखली है नीतियाँ ।
पशुता से तेरे रूप को,
इंसानियत का नाम दूँ ।

पुरूषत्व का तो राज है,
पुरूषों को भी क्या लाभ है ?
स्त्री तेरे अस्तित्व का
ये विनाश का ही काल है।

बद्दुआ देगी ये आह ! तुझे
इतिहास करें ना माफ तुझे ।
तू फसेगा खुद के जालों में,
और रचेंगें हम इतिहास नया।

-- प्रीती --
स0अ0-सामाजिक विज्ञान
राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज
राबर्ट्सगंज सोनभद्र।

# खेद-कूद

## प्रदेश स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता

टीम के सदस्यों का नाम-

- सिया सिंह
- सुनैना
- आँचल कन्नौजियाँ
- सुहाना
- मानसी

विद्यालय का नाम - राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज,राबर्ट्सगंज सोनभद्र

वर्ष - २०२२

गाइड शिक्षक - वन्दना सिंह,पूजा सिंह






**छात्रा का अनुभव -** मेंरा नाम सुहाना है मैं कक्षा 10 वीं की छात्रा हूँ । क्रिकेट मेरा प्रिय खेल हैं। मै बचपन से ही क्रिकेट खेलने का अभ्यास करती थी। जिसकी वजह से मेरा चयन विद्यालय की क्रिकेट टीम में होगा। विद्यालय चयन के उपरान्त हमारी टीम का चयन जनपद स्तर पर हुआ। उसके बाद वहाँ से चयनित खिलाड़ीयों का मैच मण्डल स्तर के लिये मीरजापुर के साथ हुआ। वहाँ पर हमनें प्रथम् स्थान प्राप्त कर राज्य स्तर के लिये चयनित हुयें । हमें राज्य स्तर मैच खेलने के लिये अयोध्या जाना था। जिसके लिये मैं मेंरी दो शिक्षिकाए व चार खिलाड़ियों ने अपने सामान के साथ आयोध्या के लिये प्रस्थान किया। वहाँ पहुचने पर हमें वहा की क्षेत्रीय भाषा प्रसिद्ध स्थान व वहाँ के लोगों के बारे में जानने का अवसर मिला। वहाँ पर कई मण्डल के खिलाड़ी आये हुये थे। हमने 'वहाँ ६६ वीं प्रदेशिय क्रिकेट मैच बालिका वर्ग १९ का मैच मीरजापुर मण्डल की तरफ से खेला था। हमनें पुरी निष्ठा व मेहनत के साथ मैच खेला था। मैं हमेशा अपने आप को हौसला देने व अच्छी खिलाड़ी बनने का प्रयत्न करूगीं। आयोध्या जाना तथा वहाँ क्रिकेट मैच खेलना बहुत ही भावात्मक एवं प्रोत्साहन पूर्ण रहा। ..........